# जब खानदान की होने वाली बहू ने खूबसूरती में दी थी आलिया-कटरीना को टक्कर



### राधिका मर्चेंट लगीं प्यारी

अंबानी परिवार की होने वाली छोटी बहू राधिका मर्चेंट ने अपने लिए गुलाबी रंग का लहंगा चुना था, जिस पर सुंदर कढ़ाई वर्क देखा जा सकता था। फ्लेयर्ड स्कर्ट के साथ प्रिंसिस कट नेकलाइन का ब्लाउज था। लहंगे को Shyamal & Bhumika ने डिजाइन किया था। राधिका ने भी इस मौके पर नीता अंबानी की तरह ही हीरे ओर पन्ने से बने गहने पहने थे। राधिका इसमें इतनी सुंदर लग रही थीं कि उनके आगे तो कई बीटाउन की हसीनाएं भी फीकी लगीं।

*कोरोना के कारण हालात काफी बदल चुके हैं। अब त्योहारों पर भी पहली जैसी चमक और सेलिब्रेशन होते दिखाई नहीं देते हैं। इसका असर बॉलीवुड और अंबानी परिवार की होने वाली पार्टीज पर भी होता दिखा है। हर साल मुकेश अंबानी और नीता अंबानी अपने घर पर गणेश चतुर्थी पर पूजा का आयोजन करते थे, जिसमें बीटाउन से लेकर कई फील्ड्स के दिग्गज शरीक हुआ करते थे। ऐसी ही एक पार्टी में इस परिवार की होने वाली बहू राधिका मर्चेंट का बेहद खूबसूरत लुक देखने को मिला था। साथ ही आलिया भट्ट और कटरीना कैफ जैसी एक्ट्रेसेस भी अपनी सादगी से दिल चुराती नजर आई थीं।*

### लाल लहंगा और डायमंड का हार

पार्टी की होस्ट नीता अंबानी हमेशा की तरह ही बेहद खूबसूरत लिबास में नजर आई थीं। उन्होंने लाल रंग का लहंगा पहना था, जिसमें स्ट्रेटकट स्कर्ट और ऊपर लॉन्ग चोली थी। इन दोनों पर गुलाबी, नीले और हरे रंग की कढ़ाई की गई थी, जिसे सीक्वन वर्क से सजाया गया था। नीता ने इसके साथ डायमंड और एम्रल्ड के नेकलेस, ईयररिंग्स और ब्रेसलेट पहने थे।

### आलिया भट्ट की फ्लोरल साड़ी

आलिया भट्ट ने इस मौके के लिए येलो कलर की फ्लोरल प्रिंट की साड़ी चुनी थी। इसे उन्होंने पिंक कलर के स्ट्रैपी ब्लाउज के साथ मैच किया था। उनकी ये साड़ी मनीष मल्होत्रा के कलेक्शन से पिक की गई थी। आलिया ने जूलरी को मिनिमल रखते हुए चांद बालियां पहनी थीं। उन्होंने मेकअप न्यूट्रल रख बाल खुले रखे थे। इस सिंपल से लुक में भी अदाकारा काफी सुंदर लग रही थीं।

### बहन के साथ पहुंचीं थीं कटरीना

कटरीना पूजा में अपनी बहन इजाबेल कैफ के साथ शरीक हुई थीं। एक्ट्रेस ने अपने लिए पीच कलर की लहंगा-साड़ी चुनी थी। इसमें ऑर्गेंजा से बनी केप थी, जिसे बेल्ट से टक किया गया था। वहीं दूसरी ओर इजाबेल ने रानी पिंक कलर का कुर्ता सेट पहना था, जो उन पर बहुत ही सुंदर लग रहा था। ये दोनों ही बहनें मॉर्डन टच वाले ट्रेडिशनल अटायर में शानदार लग रही थीं।




## बोल्ड ब्लाउज पहनकर जब अजय देवगन की बेटी ने दिखाया हुस्न का जलवा

बॉलीवुड में स्टारकिड्स की कमी नहीं है। कुछ स्टारकिड्स बड़े पर्दे पर दस्तक देकर अपनी पहचान बना चुके हैं, तो कइयों ने अपनी एंट्री से पहले ही अच्छी खासी लाइमलाइट अपने नाम कर रखी है। बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन की बेटी न्यासा देवगन भी उन्हीं में से एक हैं, जो आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। न्यासा बॉलीवुड में आएंगी या नहीं इसका तो पता नहीं लेकिन उनका फैशन एंड स्टाइल गेम देखते हुए एक बात तो साफ है कि शोबिज वर्ल्ड में उनका फ्यूचर एकदम ब्राइट है। ऐसा इसलिए क्योंकि न्यासा अपने लिए ऐसे-ऐसे कपड़े चुनती हैं, जो उनके कर्वी एंड टोंड फिगर को शानदार तरीके से कॉम्प्लिमेंट कर रहे होते हैं। हां, वो बात अलग है कि इस हसीना को ज्यादातर आपने शॉर्ट्स वेअर करते ही देखा होगा, जिसके साथ छोटा सा टॉप पहन वह अपने टोन्ड ऐब्डमन की झलक दिखाने में भी पीछे नहीं रहती हैं। लेकिन अपने कजिन की शादी में एक खूबसूरत लहंगा पहने जब न्यासा की तस्वीरें सामने आईं, तो हर किसी की नजरें बस उन्हीं पर आकर ठहर गईं। इस लुक में न्यासा इतनी आकर्षक लग रही थीं, जिसे देख यह कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि उन्हें मौके और जगह के हिसाब से तैयार होना बखूबी आता है।

# मछली जैसे कपड़े पहनी प्रियंका की ड्रेस का जब खुला बटन

## ...तो पति निक जोनस ने यूं की तुरंत मदद

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ऐसा जोड़ा है, जो दूसरों को कपल गोल्स दिखाई देते हैं। चाहे इनके बीच के प्यार की बात हो या आपसी समझ की, हर एक्ट से इनके हेल्दी और हैपी रिलेशनशिप की झलक देखने को मिलती है। ऐसा ही तब भी महसूस हुआ था, जब इवेंट में पहुंची प्रियंका को इम्बेरसिंग मोमेंट से बचाते हुए निक जोनस ने बिना हिचक के सबके सामने उनकी ड्रेस ठीक की थी। ये वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से वायरल हो गया था।*

### फिल्म फेस्टिवल में शरीक हुआ था कपल

दरअसल, ये पूरा किस्सा उस दौरान का है, जब ये स्टार कपल बड़े ही स्टाइलिश अंदाज में कान फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन एक मूवी स्क्रीनिंग में शरीक हुआ था। फैशन लवर पीसी हमेशा की तरह ही एकदम स्टनिंग नजर आई थीं। उनके लिए स्टाइलिस्ट ने इटली के लग्जरी लेबल थ्मदकप से लैवंडर कलर की डिजाइनर ड्रेस पिक की थी।

### मछली जैसी ड्रेस

इस आउटफिट के इनर को लैटेक्स से बनाया गया था, जो उसे फिगर हगिंग फिट दे रहा था। हाइनेक ड्रेस में चेस्ट पोर्शन पर बटन्स थे और वेस्ट से प्लीट्स ऐड करते हुए उसे स्कर्ट लुक दिया गया था। इसके ऊपर शीयर मटीरियल स्टिच्ड देखा जा सकता था। ड्रेस की यूएसपी उसमें लेस और रफल्स से जोड़ी गई फिश स्केल डिजाइन थी। इस डीटेल के कारण पूरी आउटफिट को एकदम हटकर लुक मिल रहा था।

### फ्रंट बटन हो गया था ओपन

स्क्रीनिंग में जाने को तैयार हुए प्रियंका और निक अपने फैन्स के साथ भी फोटो क्लिक करवाते स्पॉट हुए थे। इसी दौरान अचानक पीसी की ड्रेस का एक बटन खुल गया। कपल ने इसे नोटिस किया और निक






तुरंत अपनी पत्नी की मदद को आगे आए। उन्होंने आसपास मौजूद लोगों या कैमरे की चिंता न करते हुए बटन को लगाया और फिर सभी को फेस करने के लिए तैयार हो गए। ये मोमेंट सोशल मीडिया पर शेयर हुआ, तो वो तेजी से वायरल हो गया। लोगों ने इस जोड़े के प्यारे से एक्ट की जमकर तारीफ की और निक को जेंटलमैन बताया।

### पत्नी की ड्रेस पर गलती से रखा पैर, तो यूं किया उसे ठीक

वैसे ऐसे ही एक मोमेंट की झलक तब भी देखने को मिली थी, जब प्रियंका चोपड़ा एक अवॉर्ड शो होस्टिंग में अपने पति की मदद करने के लिए पहुंची थीं। बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स के लिए पीसी ने स्टनिंग न्यूड शेड ड्रेस पहनी थी, जिसे Dolce & Gabbana ने उनके लिए कस्टम रेडी किया था। वह जब मीडिया के लिए तस्वीरें खिंचवा रही थीं और इस दौरान निक उनके करीब आए, तो उन्होंने गलती से पत्नी की ड्रेस पर पैर रख दिया। इसका जब उन्हें एहसास हुआ, तो वह झुके और ड्रेस को ठीक किया। इस पल का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

## स्किन से चिपका गाउन पहनकर मलाइका अरोड़ा पर भारी पड़ीं करीना कपूर

यह बात तो एकदम पक्की है कि बी-टाउन की बेस्ट फ्रेंड्स को एक जैसे कपड़े पहनने में कोई परेशानी नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि अब मलाइका ने करीना को कॉपी किया है। हां, वो बात अलग है कि बेबो जैसे कपड़े पहनकर भी मलाइका उनसे पीछे ही रहीं।

बी-टाउन की बेस्ट फ्रेंड्स की लिस्ट में एकदम टॉप पर बनीं रहने वाली करीना कपूर खान और मलाइका अरोड़ा उन हसीनाओं में से एक हैं, जिनके कपड़े पहनने के तरीके को न जाने कितनी लड़कियां फॉलो करती हैं। मलाइका जहां अपने फैशन से स्टीरियोटाइप सोच को तोड़ती नजर आती हैं वहीं दो बच्चों की मां बनने के बाद भी बेबो का स्टाइल काफी ग्लैम और हाई-वोल्टेज है। यही एक वजह भी है कि दोनों अदाकाराओं की रियल लाइफ पर्सनैलिटी एक-दूसरे से मेल खाती है। हालांकि, करीना-मलाइका के बीच की ट्विनिंग ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग चॉइस भी एक जैसी ही है। तभी तो इन बालाओं को एक जैसे कपड़े पहनने में भी कोई गुरेज नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि हाल ही में मलाइका ने करीना को कॉपी किया है। मलाइका ने अपने लिए हूबहू वही कपड़े चुने थे, जिसे करीना पहनकर अच्छी-खासी लाइमलाइट अपने नाम कर चुकी थीं।

## डीप गले वाली हाई स्लिट ड्रेस में जाह्नवी कपूर करा रही थीं बोल्ड फोटोशूट



बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर फिल्मों में भले ही अभी अपनी खास पहचान न बना पाई हों, लेकिन फैशन के मामले में उनका कोई मुकाबला नहीं है। हसीना के ग्लैमरस लुक्स देखकर फैंस सिर्फ दीवाने ही नहीं बल्कि हैरान भी रह जाते हैं। अदाकारा ने बेहद कम उम्र में फैशन वर्ल्ड में अपने स्टाइलिंग सेंस का परिचय दिया है, जिस कारण उनके गॉर्जियस और हॉट लुक्स मिनटों में वायरल हो जाते हैं। हसीना का ड्रेसिंग सेंस इतना क्लासी है कि बोल्ड सिल्हूट्स हो या सिंपल आउटफिट्स, वह हर एक लुक में कहर ढाती हैं। उनके बोल्ड एंड हॉट अवतार फैंस को इम्प्रेस करने में कोई कमी नहीं छोड़ते। यही कारण है कि जान्हवी अपने फैशन स्टाइल से हमेशा ही लाइमलाइट बटोरने में आगे रहती हैं। ऐसा ही कुछ हमें उनके रिसेन्ट फोटोशूट में देखने को मिला, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।